# राष्ट्र निर्माण में वरिष्ठ नागरिकों का अमूल्य योगदान -जैन

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** वरिष्ठ नागरिकों का समाज के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान होता है तथा वृद्धजनों के अनुभव विकास में सहायक सिद्ध होते है जिनके अनुभवों का समाज को लाभ उठाना चाहिए।

यह उद्गार उपायुक्त सिरमौर श्री ललित जैन ने यहां बचत भवन के सभागार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित समारोह के उपलक्ष्य पर उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों एवं अन्य लोगों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।



उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज व राष्ट्र की अमूल्य पूंजी मानी जाती है जिससे विशेषकर युवाओं को प्रेरणा मिलने के साथ साथ सुसंस्कारित भी बनते हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को हर जगह पूर्ण सम्मान दिया जाना चाहिए और बहुत वृद्ध व्यक्तियों की सेवा और सहायता समाज के युवा वर्ग को करनी चाहिए, जोकि एक पुनीत कार्य होगा।

उन्होंने जानकारी दी कि सिरमौर जिला में 18532 वरिष्ठ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करने पर चालू वित्त वर्ष के दौरान लगभग 12 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा रही है जिनमें से 70 वर्ष से अधिक आयु वाले 12391 वरिष्ठ नागरिकों को 1300 सौ प्रति माह पेंशन प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिना आय सीमा के हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सल स्वास्थ्य बीमा योजना आरंभ की गई है जिसके तहत एक परिवार के पांच सदस्यों का 365 रुपये में स्वास्थ्य बीमा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो निर्धन वरिष्ठ नागरिक इस योजना के तहत अपना बीमा करवाने के लिए उक्त राशि देने में असमर्थ है उनके बीमे की राशि रैडक्रास सोसायटी के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अपनी शिकायतें, मांग तथा समस्याऐं माई डीसी ऐप पर डाल सकते है।

इस अवसर पर उपायुक्त द्वारा दो वरिष्ठ नागरिकों सेवानिवृत डीआईजी (जेल) केप्टन के एस पुण्डीर और अमिल अग्रवाल को समाज सेवा के लिए टोपी तथा मफलर भेंट कर सम्मानित किया गया। इससे पहले उपायुक्त ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जिला कल्याण अधिकारी. विवेक अरोड़ा ने मुख्य अतिथि और वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं बारे जानकारी दी ।

इस अवसर पर जिला सिरमौर पैंशनर संघ के अध्यक्ष आरएस चौहान ने उपायुक्त को मांग पत्र प्रस्तुत किया। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा उपायुक्त को पेश आ रही विभिन्न समस्याओं बारे अवगत करवाया गया। वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर बचत भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर पर्यावरण सोसाईटी के अध्यक्ष डा. सुरेश जोशी, अध्यक्ष हितैशी संस्था प्रोफेसर अमर सिंह चौहान, मुस्लिम वेलफेयर सोसाईटी के अध्यक्ष मौहमद नसीम दिदान के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावा वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित थे।

## सरकार ने जारी की टीडीएस व टीसीएस प्रावधानों की अधिसूचना

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** राज्य सरकार ने हि.प्र. वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम, 2017 की धारा-51 व 52 के तहत स्त्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) और स्त्रोत पर कर संग्रहण (टीसीएस) प्रावधानों को अधिसूचित किया है। अधिसूचित कर 01 अक्तूबर, 2018 से लागू हो गए हैं। हि.प्र. राज्य आबकारी एवं कराधान आयुक्त राजीव शर्मा ने कहा कि टीडीएस प्रावधानों के अन्तर्गत निर्दिष्ट इकाइयों को अन्तरराज्जीय आपूर्ति के लिए दो प्रतिशत की दर से टीडीएस जमा करने अथवा जहां अनुबन्ध के अन्तर्गत आपूर्ति की कुल लागत 2.5 लाख रुपये से अधिक हो, अथवा कर योग्य वस्तुओं या सेवाओं या फिर दोनों के आपूर्तिकर्ता को किए गए भुगतान पर 2 प्रतिशत आईजीएसटी जमा करवाने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि टीडीएस प्रावधानों के अन्तर्गत वसूलीकर्ता अगले महीने के 10वें दिन तक टीडीएस का भुगतान जमा करने के लिए उत्तरदायी होगा। टीसीएस प्रावधानों के तहत ई-व्यापार संचालकों से अन्तरराज्जीय आपूर्ति के लिए एक प्रतिशत टीसीएस अथवा कर योग्य आपूर्ति की शुद्ध लागत पर अन्तरराज्जीय आपूर्ति के लिए एक प्रतिशत आईजीएसटी एकत्र करने की आवश्यकता होगी। ई-कॉमर्स संचालकों को अपने आप को राज्य में पंजीकृत करवाना होगा। टीसीएस प्रावधान के तहत कर कलेक्टर आगामी माह की 10 तारीख तक टीसीएस की अदायगी जमा करने के लिए उत्तरदायी होगा।

सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर के तहत आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा टीडीएस की कटौती व जमा करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं और टीडीएस व टीसीएस के लिए पंजीकरण के सम्बन्ध में दिशा-निर्देशक हि.प्र. आबकारी एवं कराधान की वैबसाईट से डाउनलोड किया जा सकते है।

## सिरमौर के सभी सरकारी कार्यालयों में चलाया गया स्वच्छता अभियान-उपायुक्त

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कार्यक्रम के अतंर्गत स्वच्छता ही सेवा नामक विशेष स्वच्छता अभियान के अतंर्गत जिला सिरमौर के सभी सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसके अतंर्गत सभी विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारियों द्वारा कार्यालय तथा कार्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई।

यह जानकारी आज यहां उपायुक्त सिरमौर श्री ललित जैन ने देते हुए कहा कि लोगों को घरों के आसपास आवश्यकता के अनुसार कुड़ेदान स्थापित किए जाने चाहिए जिससे की कुड़ा कचरा इधर-उधर ना फैले। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों से निकलने वाले कूड़े कचरे का निष्पादन भी सही तरीके से किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से आहवान किया कि अपने घर के आसपास निरंतर साफ-सफाई रखे तथा कूड़ा कचरा इक्कठा ना होने दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता होने से किसी प्रकार की बीमारियों के फैलने का भय भी नहीं रहता है। उन्होंने कहा कि सफाई की आदत हर व्यक्ति को अपने घर से आरंभ करनी होगी तभी पूरा परिवेश स्वच्छ होगा ।

## भारतीय सेना की वीरता व कार्यकुशलता का प्रतीक सर्जिकल स्ट्राईक : मुख्यमंत्री

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में दो वर्ष पूर्व आतंकियों के ठिकानों पर की गई सर्जिकल स्ट्राईक विश्व में भारतीय सेना बल की वीरता व कार्यकुशलता को प्रदर्शित करती है।



मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर यहां रिज़ मैदान पर राज्य स्तरीय सर्जिकल स्ट्राईक दिवस समारोह 'पराक्रम पर्व' की अध्यक्षता करते हुए सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राईक की कार्यवाही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिए गए दृढ़ निर्णय के कारण ही संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि भारत वर्तमान में दृढ़ राजनैतिक नेतृत्व के कारण पिछले कुछ वर्षों में विश्व में एक मजबूत आर्थिक व सेना शक्ति के रूप में उभरा है।

जय राम ठाकुर ने सेना बलों द्वारा शांति के समय विशेषकर आपदाओं के दौरान बचाव आप्रेशनों में निभाई गई भूमिका की भी सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कुछ जिलों में भारी बर्फवारी में सुरक्षा बलों के त्वरित व कुशल कार्य संचालन के कारण 3000 से अधिक बहुमूल्य जानें बचाई गईं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों द्वारा लाहौल-स्पिति तथा कुल्लू में भारी बर्फवारी में फंसे लगभग 250 पर्यटकों को हैलीकॉप्टर की सहायता से सुरक्षित निकाला गया।

जय राम ठाकुर ने कहा कि देश की प्रगति व विकास केवल तभी संभव है, जब राष्ट्र की सीमाएं सुरक्षित हो।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों व युद्ध विधवाओं के कल्याण के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नॉन पेंशनर पूर्व सैनिकों और उनकी विधवाओं की मासिक पेंशन को 500 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह किया है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शौर्य पुरस्कार विजेताओं व युद्ध विधवाओं को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने सेना द्वारा लगाई गई हथियारों की प्रदर्शनी का भी दौरा किया, जिसमें राइफल, मशीनगन व मोटार्ज प्रदर्शित किए गए थे। उन्होंने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के फील्ड आउटरिच ब्यूरों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज ने भारतीय सेना के वीर जवानों की वीरता के इतिहास व सर्जिकल स्ट्राइक पर रोशनी डाली।

लोक सभा के सदस्य वीरेन्द्र कश्यप ने कहा कि वर्तमान कुशल राजनीतिक नेतृत्व की दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते भारतीय सैनिकों ने वीरता से पड़ौसी देश के नापाक इरादों का मुंहतोड़ जबाव दिया।

कर्नल कर्मवीर सिंह पंवर तथा मेजर महावीर ने पाक अधिकृत कश्मीर में सेना द्वारा की गई सर्जिकल स्ट्राइक पर प्रस्तुति दी।

एवीएसएम आरट्रेक के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राजीव सिरोही, नगर निगम शिमला की महापौर कुसुम सदरेट, उप महापौर राकेश शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव बी.के. अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. श्रीकांत बाल्दी, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव संजय कुंडू, उपायुक्त अमित कश्यप, सूचना एवं जन सम्पर्क निदेशक अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक ओमपति जम्वाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेश दत्त व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपसथित थे।

इसके पश्चात, मुख्यमंत्री ने जीर्णोद्धार किए जा रहे टाउन हाल शिमला का दौरा कर सम्बनधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए।

प्रकाशक, संपादक एवं स्वामी राजेश राही द्वारा सिद्धार्थ मीडिया प्रिंटर्स, 24/9, इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-2, चंडीगढ़ से मुद्रित व रेणुका सिरमौर हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित